# विविधता की समझ

**पाठ्यपुस्तक के आंतरिक**

**प्रश्न 1. अपने बारे में निम्नलिखित जानकारी दीजिए : (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-4)**

- बाहर जाते समय मैं ………………… “पहनना पसंद करती हूँ।
- मैं घर में ………………… में बात करती हैं।
- मेरा पसंदीदा खेल ………………… है।
- मुझे ………………… के बारे में किताबें पढ़ना पसंद है।

**उत्तर** छात्र स्वयं उत्तर दें।

**2. समीर एक और समीर दो में कोई तीन अंतर लिखिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-5)**
**उत्तर** समीर एक और समीर दो में अंतर

1. समीर एक को अंग्रेजी ज्यादा अच्छी आती है, वहीं समीर दो हिंदी बोलता है।
2. समीर एक हिंदू है, वहीं समीर दो मुसलमान है।
3. समीर एक ने स्कूल में पढ़ाई की थी जबकि समीर दो को स्कूल जाने का मौका मिला ही नहीं। वह अखबार बेचता था।

**3. क्या ये अंतर उन्हें दोस्त बनने से रोक पाए? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-5)**
**उत्तर** दोनों की भाषाएँ अलग थी फिर भी दोनों ने एक-दूसरे से बात की, क्योंकि उनके लिए बात करना महत्त्वपूर्ण था। दोनों की धार्मिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमियाँ भी अलग थीं, फिर भी दोनों ने दोस्ती की, क्योंकि दोनों दोस्ती करना चाहते थे। इस प्रकार ये अंतर उन्हें दोस्त बनने से नहीं रोक पाए।

**4. उन त्योहारों की सूची बनाइए जो हो सकता है कि समीर एक और समीर दो मनाते हों : (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-6)**
**उत्तर**

- **समीर एक –** होली, दीपावली, दुर्गापूजा, दशहरा, रक्षाबंधन इत्यादि।
- **समीर दो –** ईद, मुहर्रम, बकरीद, पैगंबर मुहम्मद का जन्मदिन इत्यादि।

**5. क्या आप ऐसी किसी परिस्थिति के बारे में सोच सकती हैं जब आपने उससे दोस्ती की जो आप से बहुत अलग हो? इसका वर्णन एक कहानी के रूप में कीजिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-6)**
**उत्तर** छात्र स्वयं करें।

**6. समीर दो स्कूल क्यों नहीं जाता था? आपकी राय में अगर वह स्कूल जाना चाहता तो क्या जा पाता? क्या यह सही है कि कुछ बच्चे स्कूल जा पाते हैं और कुछ जा ही नहीं पाते? इस पर चर्चा करें। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-6)**
**उत्तर** समीर दो गरीब होने के कारण स्कूल नहीं जा पाया, इसलिए वह छोटी उम्र में ही अखबार बेचने का काम करने लगा। वह स्कूल

जाना चाहता तो भी नहीं जा सकता था, क्योंकि उसके पास अवसर नहीं थे, संसाधन नहीं थे। हाँ, यह बात सही है कि कुछ बच्चे स्कूल जा पाते हैं और कुछ बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं।

**7. सूची बनाइए कि आपने भारत के अलग-अलग प्रांतों के कौन-कौन से व्यंजन खाए हैं। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-7)**
**उत्तर** कढी चावल, छोले भटूरे, इडली सांभर, डोसा, मक्का की रोटी सरसों का साग, ढोकला, खाण्डवी, बड़ा सांभर, चिकन, बिरयानी इत्यादि।

**8. अपनी मातृभाषा के अलावा उन भाषाओं की सूची बनाइए जिनके आप कुछ शब्द भी जानती हैं। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-7)**
**उत्तर** छात्र स्वयं करें।

**9. क्या आप सोचती हैं कि आपको ऐसी जगह में रहने में मजा आएगा? उन पाँच चीजों की सूची बनाइए जिनकी कमी ऐसी जगह में सबसे ज्यादा खलेगी। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-8)**
**उत्तर** निम्नलिखित पाँच चीजों की कमी खलेगी

1. रंगों की कमी।
2. खाने-पीने की विभिन्न प्रकार की चीजों की कमी।
3. पशु-पक्षियों के प्रकारों में विविधता की कमी।
4. खेलों में विविधता की कमी।
5. मनोरंजन के साधनों में विविधता की कमी।

**10. भारत के लोग विविध तरीकों से नीचे लिखे काम करते हैं। यहाँ उसमें से एक तरीका बताया गया है। दो और तरीके लिखिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-8)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रार्थना/इबादत करना | ईसा मसीह के भजन गाना | | |
| शादी करना | - | अदालत के रजिस्टर में दस्तखत करना | |
| विभिन्न प्रकार के कपड़े पहनना | | . | मणिपुर में औरतों का फनैक पहनना |
| अभिवादन करना | | झारखंड के आदिवासियों का एक-दूसरे को 'जोहार कहना | |
| चावल पकाना | मीट या सब्जी डालकर बिरयानी पकाना | | |

**उत्तर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | आँखें बंद करके हाथ जोड़कर भगवान की मूर्ति के आगे प्रार्थना करना। | एक बड़े स्थान पर पंक्तियों में मौलवी के निर्देशानुसार इबादत करना। |
| | रिश्तेदारी, दोस्तों की उपस्थिति में वरमाला पहनाकर, अग्नि के चारों ओर फेरे लेना। | | निकाह करना, जिसमें मौलवी के पूछने पर सभी दोस्तों, रिश्तेदारों के सामने लड़के लड़की द्वारा स्वीकृति दी जाती है। |
| | पंजाब में स्त्रियों का सलवार-कमीज पहनना | पश्चिम बंगाल की महिलाओं का साड़ी पहनना | |
| | पंजाब में सिखों का 'सत श्री अकाल' कहना | | दिल्ली में लोगों का हाथ जोड़कर 'नमस्ते' कहना। |
| | | पानी में चावल डालकर उबालना | नींबू वाले चावल पकाना, साथ में थोड़ी सी दाल तेल में छौंक लगी हुई। |

**11. एटलस में भारत का नक्शा देखिए और उसमें ढूंढ़िए कि ये दोनों क्षेत्र-लद्दाख तथा केरल कहाँ पर हैं। इन दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक स्थितियाँ वहाँ के भोजन, कपड़े और व्यवसाय/पेशे को कैसे प्रभावित करती हैं? उनकी सूची बनाइए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-9)**

**उत्तर**

**लद्दाख –**

**भौगोलिक स्थिति –** जम्मू और कश्मीर के पूर्वी हिस्से में पहाड़ियों में बसा एक ठंडा रेगिस्तानी इलाका है।

**भोजन –** लोग दूध से बने पदार्थ; जैसे-मक्खन, चीज (खास तरह का छेना) एवं मांस खाते हैं।

**कपड़े –** लद्दाख के लोग ऊनी वस्त्र पहनते हैं।

**व्यवसाय –** लोग खास किस्म की भेड़ पालते हैं जिससे पशमीना ऊन मिलती है, जिसे ये लोग इकट्ठा करके व्यापारियों को बेचते हैं।

**केरल** –

**भौगोलिक स्थिति –** भारत के दक्षिण-पश्चिमी कोने में बसा हुआ राज्य है। इसके तरफ समुद्र तथा दूसरी तरफ पहाड़ियाँ हैं।

**भोजन –** लोग मछली, सब्ज़ी और चावल खाते हैं।

**कपड़े –** लोग सूती कपड़े पहनते हैं, क्योंकि यह क्षेत्र भूमध्य रेखा के करीब है, इसलिए यहाँ गर्मी अधिक होती है।

**व्यवसाय –** केरल के लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती करना तथा मछली पकड़ना है।

**12. कविता**

दिन खून के हमारे, प्यारे न भूल जाना
खुशियों में अपनी हम पर, आँसू बहा के जाना
सैयाद ने हमारे, चुन-चुन के फूल तोड़े
वीरान इस चमन में, कोई गुल खिला के जाना
दिन खून के हमारे...
गोली खा के सोये, जलियाँ बाग में हम
सूनी पड़ी कब्र पर, दिया जला के जाना
दिन खून के हमारे...
हिंदू औ' मुस्लिमों की, होती है आज होली
बहते हैं एक रंग में, दामन भीगो के जाना
दिन खून के हमारे...
कुछ जेल में पड़े हैं, कुछ कब्र में गड़े हैं
दो बूँद आँसू उन पर, प्यारे बहा के जाना
दिन खून के हमारे....

—भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा)

**आपके अनुसार उपरोक्त कविता की किन पंक्तियों में भारत की एकता की झलक मिलती है।**
**उत्तर** हिंदू औ' मुस्लिमों की, होती है आज होली
बहते हैं एक रंग में, दामन भीगो के जाना।
इन पंक्तियों में भारत की एकता की झलक मिलती है।

**13. रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित हमारा राष्ट्रगान भी भारतीय एकता की ही एक अभिव्यक्ति है। राष्ट्रगान किस तरह से एकता का वर्णन करता है, इसे अपने शब्दों में लिखिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-13)**
उत्तर हमारा राष्ट्रगान भारतीय एकता व प्रभुसत्ता की अभिव्यक्ति है। राष्ट्रगान को हमारे देश के विभिन्न भागों में पूरे सम्मान के साथ गाया जाता है। देश के किसी भाग में राष्ट्रीय त्योहार मनाया जाता है तो राष्ट्रगान को सम्मानपूर्वक गाया जाता है।

## प्रश्न-अभ्यास
## (पाठ्यपुस्तक से)

**1. अपने इलाके में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की सूची बनाइए। इनमें से कौन-से त्योहार सभी समुदायों द्वारा मनाए जाते हैं?**
**उत्तर** त्योहारों की सूची-लोहड़ी, बुद्ध पूर्णिमा, ओणम, गांधी जयंती, गुरुनानक जयंती, गणतंत्र दिवस, गुड फ्राइडे, स्वतंत्रता दिवस, दशहरा, दीपावली, ईद, बकरीद, क्रिसमस इत्यादि।
सभी समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले त्योहार-गांधी जयंती, स्वतंत्रता दिवस।

**2. आपके विचार में भारत की समृद्ध एवं विविध विरासत आपके जीवन को कैसे बेहतर बनाती है।**
**उत्तर** भारत विविधताओं का देश है। यहाँ विभिन्न जातियों, भाषाओं, धर्मों आदि के लोग रहते हैं। खान-पान, रहन-सहन के ढंग और पहनावे में भी उनमें विभिन्नता देखी जा सकती है। इस प्रकार भारत की विविध विरासत हमारे जीवन को बेहतर बनाती है। हम जब

विभिन्न लोगों के संपर्क में आते हैं, उनसे मित्रता करते हैं, उनके साथ पढ़ते हैं, काम करते हैं तो हम उनकी भाषा, उनका रहन-सहन उनके पहनावे के बारे में जानते हैं और उनसे कुछ नया सीखते हैं। इस तरह भाषा, भोजन संस्कृति का आदान-प्रदान होता है और धीरे-धीरे एक मिश्रित संस्कृति यानी मिली-जुली संस्कृति उभरती है जिससे हमारा जीवन बेहतर बनता है।

**3. आपके अनुसार 'अनेकता में एकता' का विचार भारत के लिए कैसे उपयुक्त है? भारत की खोज किताब से लिए गए इस वाक्यांश में नेहरू भारत की एकता के बारे में क्या कहना चाह रहे हैं?**
**उत्तर** भारत की विविधता या अनेकता को उसकी ताकत का स्रोत माना गया है। जब अंग्रेजों का भारत पर शासन था तो विभिन्न धर्म, भाषा और क्षेत्र की महिलाओं और पुरुषों ने अंग्रेजों के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ी थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अलग-अलग परिवेशों के लोग शामिल थे। उन्होंने एकजुट होकर आंदोलन किया, इकट्ठ जेल गए और अंग्रेजों को अलग-अलग तरीकों से विरोध किया। लोगों ने दिखा दिया कि वे एक-दूसरे से चाहे कितने ही भिन्न हो, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी जाने वाली लड़ाई में वे सब एक हैं।

जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब 'भारत की खोज में लिखा कि भारतीय एकता कोई बाहर से थोपी हुई चीज है, बल्कि यह बहुत ही गहरी है जिसके अंदर अलग-अलग तरह के विश्वास और प्रथाओं को
स्वीकार करने की भावना है। इसमें विविधता को पहचाना और प्रोत्साहित किया जाता है।"

**4. जलियाँवाला बाग हत्याकांड के ऊपर लिखे गए गाने की उस पंक्ति को चुनिए जो आपके अनुसार भारत की एकता को निश्चित रूप से झलकाती है।**
**उत्तर** दिन खून के हमारे …………………………………….. प्यारे बहा के जाना।
यह जालियाँवाला बाग हत्याकांड के बाद अमृतसर में गाया गया था। गाने की निम्नलिखित पंक्तियाँ
हिंदू-मुस्लिम एकता को निश्चित रूप से झलकाती हैं
हिंदू औ' मुस्लिमों की, होती है आज होली ।
बहते हैं एक रंग में दामन भीगो के जाना।

**5. लद्दाख एवं केरल की तरह भारत का कोई एक क्षेत्र चुनिए और अध्ययन कीजिए कि कैसे उस क्षेत्र की विविधता को ऐतिहासिक और भौगोलिक कारकों ने प्रभावित किया है। क्या ये ऐतिहासिक एवं भौगोलिक कारक आपस में जुड़े हुए हैं? कैसे?**
**उत्तर** छात्र स्वयं करें।